राष्ट्रीय आवास बैंक
NATIONAL HOUSING BANK

आज़ादी का अमृत महोत्सव

प्रेस विज्ञप्ति

आवास वित्त कंपनियों के प्रबंध निदेशक/मुख्य कार्यपालक अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श कार्यक्रम

राष्ट्रीय आवास बैंक 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मना रहा है। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय **'Independent India @75: Self Reliance with Integrity'** / **'स्वतत्र भारत@ 75: सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता'** है।

राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा 27 अक्टूबर, 2021 को सतर्कता जागरूकता सप्ताह की पूर्व संध्या पर आवास वित्त कंपनियों के प्रधान अधिकारीगण (मुख्य कार्यपालक अधिकारी/प्रबंध निदेशक/अनुपालन अधिकारियों) के साथ विचार-विमर्श कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

श्री एस. के. होता प्रबंध निदेशक, राष्ट्रीय आवास बैंक ने सत्र के दौरान नैतिक परंपराओं एवं सुगठित अभिशासन पर विशेष ध्यान देने के साथ पारदर्शिता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा आवास वित्त कंपनियों के लिए स्केल आधारित नियामक ढांचे की शुरुआत के साथ, नीतियों में बदलाव की दिशा में क्रमिक कदम उठाए जा रहे हैं जो सुगठित कॉरपोरेट अभिशासन कार्यप्रणाली को विकसित करेगा।

श्री वी. के. त्यागी, मुख्य सतर्कता अधिकारी, राष्ट्रीय आवास बैंक ने आवास वित्त कंपनियों को राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा दिए गए समर्थन की सराहना की और पिछले तीन वर्षों में सामने आई चुनौतियों के बावजूद आवास वित्त कंपनियों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने आवास वित्तीय प्रणाली में अनुपालन की परंपरा को फैलाने पर जोर दिया। उन्होंने आस्ति गुणवत्ता में सुधार तथा आवास वित्त क्षेत्र को मजबूत करने हेतु पूर्व चेतावनी संकेतकों का पता लगाने के लिए आवास वित्त कंपनियों में डिजिटलीकरण को लागू करने का आह्वान किया।

आवास वित्त कंपनियों द्वारा आवास वित्त प्रणाली में नैतिक संहिताओं एवं कार्यप्रणाली के प्रभावी कार्यान्वयन के आश्वासन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

आवास वित्त कंपनियों के प्रबंध निदेशक/मुख्य कार्यपालक अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श कार्यक्रम